# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से






आठवां दिन मां महागौरी

आठवें दिन मां के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है. मां महागौरी का रंग अंत्यत गोरा है. इनकी चार भुजाएं हैं और मां बैल की सवारी करती हैं. मां का स्वभाव शांत है. मां का प्रिय पुष्प रात की रानी है. इनका राहु ग्रह पर आधिपत्य है, यही कारण है कि राहुदोष से मुक्ति पाने के लिए मां महागौरी की पूजा की जाती है.

**पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद साफ- स्वच्छ वस्त्र धारण करें. मां की प्रतिमा को गंगाजल या शुद्ध जल से स्नान कराएं. मां को सफेद रंग के वस्त्र अर्पित करें. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां को सफेद रंग पसंद है.

**प्रिय भोग:** मां महागौरी को काले चने का भोग अवश्य लगाएं. इसके अलावा मिष्ठान, पंच मेवा, फल अर्पित करें.

**मंत्र**
**या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता.**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै**
**नमस्तस्यै नमो नम:॥**

# कार्यकर्ताओं की कुर्बानियां ताकत

## भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यालय का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली 29 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया. दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पीएम मोदी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत अन्य बीजेपी नेता मंच पर मौजूद रहे.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है. दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई.

उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन जिस बीज से भाजपा इतने विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है, उसका बीजारोपण अक्टूबर 1951 में हुआ था, जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी. आज दिल्लीभाजपा के पास जो ताकत है, वह पिछले कई दशकों में हमारे लाखों कार्यकर्ताओं की कुर्बानियों और कड़ी मेहनत का नतीजा है.

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है. पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्लीके हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है. जनसंघ की स्थापना के बाद से, हमने हर तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा की है. आपातकाल के दौरान, जनसंघ के नेताओं ने दिल्लीके लोगों के साथ मिलकर सरकारी दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी. यहां तक कि 1984 के सिख दंगों के दौरान, जिसने दिल्लीकी आत्मा पर गहरा आघात पहुंचाया, दिल्लीभाजपा ने हमारे सिख भाइयों की रक्षा की.

### आज खुशी का अवसर : नड्डा

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, आज हम सभी के लिए खुशी का अवसर है कि लंबे इंतजार के बाद, दिल्ली प्रदेश भाजपा को अपना कार्यालय मिल गया है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया गया है. पीएम के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है.

### दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, कई वर्षों के अंतराल के बाद आज दिल्ली में भाजपा की सरकार है. दिल्ली के लोगों ने अपने बेहतर भविष्य के सपने और उम्मीदें भाजपा में लगाई हैं, इसलिए नए प्रदेश कार्यालय में बैठे हर व्यक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी है. इसलिए जब दिल्ली भाजपा सरकार और दिल्ली भाजपा कार्यालय कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, तो हम विकसित भारत, विकसित दिल्लीके सपने को और तेजी से पूरा कर पाएंगे. उन्होंने कहा, भाजपा सरकारों के हर अच्छे काम का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव सजग रहना होगा। मैं देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे.



भारत ने जीता एशिया कप 2025

# ट्रंप ने विदेशी फिल्मों पर लगाया टैक्स

**वॉशिंगटन, 29 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है. अब उन्होंने विदेशी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही. सोमवार को उन्होंने अपने सोशल प्लेटफॉर्म से एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है.**

उन्होंने कहा कि अमेरिका जल्द ही सभी विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा. फिल्म इंडस्ट्री को विदेशी देशों ने चुरा लिया है. हमारा फिल्में बनाने का कारोबार अमेरिका से चुरा लिया गया है, बिलकुल वैसा ही जैसे बच्चे से



कैंडी चुराई जाए. ट्रम्प ने खास तौर पर कैलिफोर्निया का जिक्र किया। इसी राज्य के लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड है। ट्रम्प ने कहा कि कैलिफोर्निया की कमजोर सरकार और बुरे गवर्नर की वजह से यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस लंबे समय से चली आ रही और कभी न खत्म होने वाली समस्या को खत्म करने के लिए वह अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री का ट्वीट ढाई करोड़ लोगों ने देखा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत की जीत को लेकर किये गये ट्वीट को एक लाख सात हजार से अधिक लोगों ने रीट्वीट किया है और उनके ट्वीट को 2.57 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है. मोदी के ट्वीट के कमेंट बॉक्स में 24 हजार से अधिक लोगों ने उत्साह भरी प्रतिक्रिया दी है. गौरतलब है कि मोदी ने भारत-पाकिस्तान एशिया कप 2025 के फाइनल मैच में भारत की जीत पर एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी थी. मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट में लिखा, खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर हुआ संपन्न. परिणाम वही रहा, भारत जीता. हमारे क्रिकेटरों को बधाई.

### सोना ऑलटाइम हाई पर चांदी के दाम भी उछले

**नई दिल्ली.** भारतीय सर्राफा बाजार में इस कारोबारी सुप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने के भाव में बढ़ोतरी देखने को मिली है. यह बढ़ोतरी केवल सोने की कीमतों में नहीं बल्कि चांदी के भाव में भी दर्ज की गई है. सोने का भाव 1 लाख 15 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है. वहीं, चांदी का रेट 1 लाख 44 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है. वहीं 26 सितंबर की शाम को 916 शुद्धता यानी 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,03,748 रुपये प्रति 10 ग्राम था.

## गुस्ताखी माफ




# करूर में पीड़ितों से मिलीं केंद्रीय मंत्री सीतारमण

**चेन्नई, 29 सितंबर ( वार्ता ).** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के करूर में अभिनेता विजय की रैली में मची भगदड़ में मारे गए 41 लोगों के परिजनों से सोमवार को मुलाकात की।



वित्त मंत्री ने 27 सितंबर की रात मची भगदड़ में मारे गए सात वर्षीय कृतिक यादव के परिजनों को गले लगाकर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उस घटना को याद कर रोती हुई एक महिला ने मंत्री को बताया, भीड़ से दबकर वह गिर पड़ा और जब हमने उसे बचाया तो उसने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। इलाके में कई अस्पताल हैं और पुलिस उसकी जान बचा सकती थी।

# चलती ट्रेन से अलग हुए दो कोच

**अमृतसर, 29 सितंबर.** मुंबई से अमृतसर आ रही ट्रेन के 2 कोच अलग होने का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, चलती ट्रेन के 2 एसी कोच अलग होकर पीछे छूट गए. पश्चिम एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 12925) ट्रेन मुंबई के बांद्रा टर्मिनस से अमृतसर आते समय कुछ ही मिनटों में 2 बार अलग होकर पीछे छूट गए. बताया जा रहा है कि, चलती ट्रेन के साथ पहला हादसा महाराष्ट्र और दूसरा गुजरात में हुआ. इस दौरान रेल यात्रियों को काफी मुश्किले हुई.

# डांस करते गिरी नवविवाहिता, मौत

भीकनगांव. नवरात्रि की रात मां दुर्गा के जयकारों और गरबे की गूंज के बीच अचानक मातम छा गया। रविवार रात ग्राम पलासी में सिंगाजी मंदिर पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा के सामने गरबा कर रही नवविवाहिता सोनम (23) की डांस करते-करते हार्ट अटैक से मौत हो गई। पति कृष्णपाल के साथ 'ओ मेरे ढोलना' गाने पर झूमते-झूमते वह अचानक जमीन पर गिरी और कभी नहीं उठी। पहले पंडाल में मौजूद लोग इसे मजाक समझते रहे और मुंह पर हाथ रखकर हंसते रहे, लेकिन जैसे ही सोनम बेसुध पड़ी रही, माहौल सन्नाटे में बदल गया।

### गरबा पंडाल गेट में करंट से 5 वर्षीय बालक की मौत

**रतलाम.** अर्जुन नगर में गरबा पंडाल के प्रवेश द्वार के लोहे के पाइप में करंट फैल गया. इसी बीच खेलते-खेलते पास में रहने वाला पांच वर्षीय बालक गेट के पास पहुंचा, तो उसे करंट लग गया. इससे वह गिरकर अचेत हो गया, उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

# कल से मुक्त व्यापार समझौता लागू

**नई दिल्ली 29 सितंबर. केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को बताया कि भारत का मुक्त व्यापार समझौता ( ईएफटीए ) ईएफटीए देशों ( आइसलैंड, लिक्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड ) के साथ 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा।**

उन्होंने यह जानकारी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन सत्र में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित देश भारत के साथ एफटीए करने के इच्छुक हैं और भारत पहले ही यूएई,



ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ ऐसे समझौते कर चुका है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार अब 700 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार वार्ता में है, जबकि कतर और बहरीन ने भी रुचि दिखाई है।

# पर्यावरणीय तंत्र का हिस्सा पशु-पक्षी

## मुख्यमंत्री ने इंदौर के प्राणी संग्रहालय का किया अवलोकन

**इंदौर, 29 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की सुबह इंदौर के प्राणी संग्रहालय पहुंचे, यहां उनका पशु-पक्षियों के प्रति लगाव देखने को मिला. उन्होंने वन्य प्राणियों का अवलोकन किया और आकर्षक रंग-बिरंगे पक्षियों को आत्मीयता के साथ दुलार भी किया.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पशु-पक्षी केवल चिड़ियाघरों की शोभा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं. इनके प्रति संवेदनशील होना हर नागरिक का कर्तव्य है. उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पक्षियों और जानवरों के प्रति प्रेम और करुणा का व्यवहार करें. उन्होंने यह संदेश भी दिया कि मानवीय संवेदनशीलता ही प्रकृति और समाज के बीच संतुलन बनाए रख सकती है. मध्यप्रदेश वन्य जीव संपदा के दृष्टिकोण से लगातार समृद्ध हो रहा है. श्योपुर जिले के कूनो में चीतों के आने के बाद इंदौर के प्राणी संग्रहालय में शिमोगा के जू से दो जोड़ी बायसन का आगमन हुआ है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु-पक्षियों के साथ जुड़ाव हमें प्रकृति के और करीब लाता है. उनका संरक्षण और संवर्धन समाज की साझा जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों को मध्यप्रदेश का वातावरण अनुकूल लग रहा है, जिससे वे अपना वंश बढ़ा रहे हैं. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, विधायकगण रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, अपर आयुक्त नगर निगम रोहित सिसोनिया आदि मौजूद रहे.

सीएम ने कहा कि इंदौर के प्राणी संग्रहालय में पहले आए जेब्रा की देखरेख उत्कृष्ट स्तर पर हुई, जिससे जेब्रा ने यहां सफलतापूर्वक वंश वृद्धि की. उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इंदौर के प्राणी संग्रहालय को और बड़ी सौगात मिलने वाली है. उन्होंने प्राणी संग्रहालय स्थित पक्षी विहार सहित बायसन एवं शतुरमुर्ग के बाड़े, स्नेक एक्वेरियम में किंग कोबरा का अवलोकन कर विभिन्न प्रजातियों की जानकारी भी ली.

**एमओयू** | दोनों देशों ने 89 किलोमीटर लंबी दो नई रेलवे लाइनों के निर्माण पर सहमति जताई

# भूटान को मिलेगा भारतीय रेलवे से सीधा जुड़ाव

**नई दिल्ली 29 सितंबर. भारत और भूटान जल्द ही रेल संपर्क से और अधिक मजबूती से जुड़ने जा रहे हैं. दोनों देशों ने सोमवार को 89 किलोमीटर लंबी दो नई रेलवे लाइनों के निर्माण पर सहमति जताई और इसके लिए समझौता ज्ञापनों ( एमओयू ) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की. इन परियोजनाओं पर कुल 4,033 करोड़ रुपये का व्यय होगा.**

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी. रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि



पहली परियोजना कोकराझार (असम)-गेलेफू (भूटान) नई रेल लाइन है, जिसकी लंबाई 69 किलोमीटर होगी और इस पर 3,456 करोड़ रुपये का निवेश होगा. इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा. इस लाइन से असम के कोकराझार और चिरांग जिले तथा भूटान के सारपांग जिले को लाभ मिलेगा.

परियोजना पूरी होने पर यात्रियों और माल ढुलाई की सुविधा बढ़ेगी. भूटान का गेलेफू क्षेत्र वर्तमान में 'माइंडफुलनेस सिटी' के रूप में विकसित किया जा रहा है. नई रेल लाइन से इस शहर का महत्व और बढ़ेगा तथा यह भारत और भूटान के बीच आर्थिक गतिविधियों का नया केंद्र बन सकता है. उन्होंने कहा कि कोकराझार क्षेत्रीय स्टेशन को न्यू बोंगाईगांव जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र से जोड़ा जाएगा, जिससे यह पूरा भारतीय रेल नेटवर्क से कनेक्ट हो जाएगा.

रेल मंत्री ने कहा कि दूसरी परियोजना बनारहाट (भारत)-समत्से (भूटान) नई रेल लाइन है. इसकी लंबाई 20 किलोमीटर होगी और इस पर 577 करोड़ रुपये की लागत आएगी. इसे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इस लाइन से पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले और भूटान के समत्से जिले को सीधा लाभ मिलेगा. भूटान सरकार समत्से को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित कर रही है, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को गति मिलेगी.

# समृद्ध, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे अधिकारी : मुर्मु

**नई दिल्ली 29 सितंबर ( वार्ता ) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निष्ठा के साथ कार्य कर समृद्ध, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं.**

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो. भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट



की. राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है. उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है.